भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3919

दिनांक 18.12.2012/ 27 अग्रहायण, 1934 (शक) को उत्तर के लिए

सरकारी वेबसाइट

3919. श्री देवजी एम० पटेल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालयों की सरकारी वेबसाइटों पर उपलब्ध जानकारी केवल अंग्रेजी में अद्यतन की जाती है न कि हिन्दी में;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस संबंध में मंत्रालय के कुछ दिशा-निर्देश हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर.पी.एन.सिंह)

(क) एवं (ख) : उपलब्ध जानकारी के अनुसार 42 मंत्रालयों/विभागों की वैबसाइट पूरी तरह से हिंदी में अद्यतित नहीं है ।

(ग) व (घ) : राजभाषा विभाग द्वारा संघ के राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम में अन्य लक्ष्यों के साथ-साथ सभी मंत्रालयों/विभागों की वेब-साइट को शत-प्रतिशत द्विभाषी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । समय-समय पर यह अनुरोध भी किया गया है कि मंत्रालय/विभाग अपने तथा उनके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों तथा नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपलोड की गई अंग्रेजी वेब-साइट के संबंध में यह सुनिश्चित कराएं कि वेब-साइट पर उपलब्ध सभी सामग्री/दस्तावेज उनकी हिंदी वेब-साइट पर भी उपलब्ध हों ।

*****